तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **बुधाराम भाटी** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड़ अधिकारी पीपाड़ शहर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353528799859171	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
12/01/26	अपीलार्थी बुधाराम भाटी निवासी भाटी नगर, रावनियाना, पीपाड शहर, केशोरायपाटन, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड़ अधिकारी पीपाड़ शहर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 11.11.2025 प्रार्थी द्वारा दिनांक 09.10.2025 को सीमाज्ञान का आवेदन किया गया, जिसके टोकन नम्बर 2025/8164/4 है जो कि 10.10.2025 को ही तहसीलदार से पटवारी को अग्रेषित कर दिया गया लेकिन पटवारी द्वारा आज दिन तक सीमाज्ञान नही करवाया गया। प्रार्थी द्वारा दी गई रिपोर्ट पर की गई कार्यवाही की सम्पूर्ण प्रतिलिपि उपलब्ध करवाने से सम्बन्धित सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड़ अधिकारी पीपाड़ शहर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड़ अधिकारी पीपाड़ शहर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड़ अधिकारी पीपाड़ शहर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.01.13 13:30:10 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
19886397